तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 13 जुलाई 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4

जशपुर में शिक्षा की नई पहलः सादरी भाषा में होगी बुनियादी शिक्षा



## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजना के तहत मेरिट सूची जारी, काउंसलिंग 14 को

**अम्बिकापुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, रायपुर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा की अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि योजना के अंतर्गत चयन परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रयास आवासीय विद्यालय, घंघरी, अम्बिकापुर में किया गया था। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात अभ्यर्थियों को 9 जुलाई को सायं 3 बजे तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया था, लेकिन निर्धारित अवधि में कोई भी दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद वरियता के आधार पर अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी यह सूची कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, अम्बिकापुर के सूचना पटल तथा सरगुजा जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। अंतिम मेरिट सूची के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के 1 विद्यार्थी एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के शीर्ष 40 विद्यार्थियों की काउंसलिंग 14 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे से कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, अम्बिकापुर में आयोजित की जाएगी।

### वेतन निर्धारण, पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर 22 को

**बलरामपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशन में लंबित वेतन निर्धारण, पेंशन एवं समयमान प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 22 जुलाई को संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, अम्बिकापुर की उपस्थिति में लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर उनका निराकरण किया जाएगा। शिविर के माध्यम से कर्मचारियों एवं पेंशनरों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों, पेंशनरों एवं कार्यालय प्रमुखों से आह्वान किया है कि वे अपने लंबित वेतन निर्धारण, पेंशन एवं समयमान से संबंधित प्रकरणों के आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण अवश्य कराएं।

### संदिग्ध दस्तावेजों पर मेडिकल एजेंसी का लाइसेंस निरस्त

**सूरजपुर।** औषधि अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए संदिग्ध दस्तावेज प्रस्तुत करने के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए मेसर्स आर.डी. लक्ष्मी मेडिकल एजेंसी, भैयाथान रोड, सूरजपुर का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार, राधेश्याम गुप्ता द्वारा प्रस्तुत शिकायत पत्र के माध्यम से उक्त मेडिकल एजेंसी के विरुद्ध संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर औषधि लाइसेंस प्राप्त करने की शिकायत कार्यालय को प्राप्त हुई थी।

# 15 से शुरू होगा नक्शा नवीनीकरण अभियान, रोस्टर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में भू-अभिलेखों को अद्यतन, व्यवस्थित एवं अधिक उपयोगी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने वर्ष 2026-27 के लिए नक्शा नवीनीकरण रोस्टर कार्यक्रम जारी किया है।

इसके तहत 15 जुलाई से 30 सितंबर तक जिले के सभी तहसीलों के चयनित राजस्व निरीक्षक मंडलों में पुराने एवं जर्जर नक्शों का नवीनीकरण किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा विस्तृत आदेश जारी करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## 27 राजस्व निरीक्षक मंडलों में 30 सितंबर तक चरणबद्ध होगा कार्य

### नियमित निगरानी और पर्यवेक्षण रहेगा

नक्शा नवीनीकरण कार्य के लिए सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में संपूर्ण अभियान संचालित होगा। साथ ही संबंधित पटवारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नक्शों में आवश्यक संशोधन नियमानुसार दर्ज करते हुए सभी अभिलेखों का विधिवत संधारण करें। यह अभियान भू-अभिलेखों के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इससे भूमि अभिलेख अधिक सटीक, अद्यतन और पारदर्शी बनेंगे तथा भविष्य में सीमांकन, नामांतरण, भू-अभिलेख सुधार एवं अन्य राजस्व संबंधी कार्यों का त्वरित एवं सुगम निष्पादन सुनिश्चित हो सकेगा।

### समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश

कलेक्टर श्री व्यास ने सभी संबंधित राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों को निर्धारित रोस्टर के अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रत्येक माह की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्रों में जिला कार्यालय के माध्यम से कार्यालय आयुक्त, भू-अभिलेख, छत्तीसगढ़ को प्रेषित सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए है। नक्शा नवीनीकरण के दौरान अभिलेखों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### 214 राजस्व ग्रामों के नक्शों का होगा नवीनीकरण

जारी रोस्टर के अनुसार जिले के 27 राजस्व निरीक्षक मंडलों में अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान 766 राजस्व ग्रामों की कुल 2456 नक्शा शीटों का परीक्षण किया जाएगा, जिनमें 214 जर्जर ग्रामों की 710 नक्शा शीटों का नवीनीकरण किया जाएगा। अभियान के लिए प्रत्येक राजस्व निरीक्षक मंडल का अलग-अलग रोस्टर एवं समय-सीमा निर्धारित की गई है।

### चरणबद्ध तरीके से होगा अभियान का संचालन

रोस्टर के अनुसार 15 जुलाई से 21 जुलाई 2026 तक मनोरा एवं आस्ता राजस्व निरीक्षक मंडलों में नक्शा नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके बाद 22 जुलाई से 28 जुलाई तक जशपुर एवं लोदाम मंडलों में अभियान संचालित होगा। 29 जुलाई से 4 अगस्त तक आरा एवं कुनकुरी, 5 अगस्त से 11 अगस्त तक नारायणपुर एवं गोरिया, तथा 12 अगस्त से 18 अगस्त तक दुलदुला एवं सिमड़ा राजस्व निरीक्षक मंडलों में नक्शा नवीनीकरण किया जाएगा। इसके बाद 19 अगस्त से 25 अगस्त तक फरसाबहार, तपकरा एवं कोल्हेनझरिया, 26 अगस्त से 1 सितंबर तक बगीचा, बिमड़ा, कुर्रोग एवं सरबकोम्बो, 2 सितंबर से 8 सितंबर तक सन्ना, पंडरापाठ एवं कांसाबेल, 9 सितंबर से 15 सितंबर तक दोकड़ा, पत्थलगांव एवं केराकछार, 16 सितंबर से 22 सितंबर तक तमता एवं लुड़ेग तथा अंतिम चरण में 23 सितंबर से 30 सितंबर 2026 तक बागबहार एवं कोतबा राजस्व निरीक्षक मंडलों में नक्शा नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा।

### वन विभाग सतर्क, ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील

# चार वन परिक्षेत्रों में 32 हाथियों के विचरण से दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वनमण्डल अंतर्गत विभिन्न वन परिक्षेत्रों में वर्तमान में लगभग 32 हाथियों का दल सक्रिय रूप से विचरण कर रहा है। वन विभाग द्वारा हाथियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुए हाथी-मानव द्वंद्व की किसी भी संभावित घटना की रोकथाम हेतु व्यापक सुरक्षा एवं सतर्कता संबंधी उपाय किए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र दुलदुला अंतर्गत ग्राम धुरीअम्बा, करडेगा, केन्दापानी, धांधअम्बा, बुकना, मधुटोली एवं कोहड़ापहरी, वन परिक्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम खाडामाचा, हरदीझरिया, पीठाआमा, राजाआमा, खमगढ़ा, महेशपुर, काडरो एवं झिमकी, वन परिक्षेत्र कांसाबेल अंतर्गत ग्राम चेटबा, नारायणबहली, मड़यिाझरिया एवं सोनाजोरी, तथा वन परिक्षेत्र बगीचा अंतर्गत ग्राम झिक्की, खंताडांड, टटकेला, परसाडांड, पेटा, कुरडेग, बिमड़ा, सामरबार, दुर्गापारा, सुईकोना, मैनी, बुचीढांड, जुजगु एवं कुरडेग के आसपास हाथियों का दल विचरण कर रहा है।



वनमण्डलाधिकारी ने बताया कि हाथियों की गतिविधियों पर आर.आर.टी. तथा वन विभाग का मैदानी अमला चौबीसों घंटे सतत निगरानी रखे हुए है। हाथियों की लोकेशन का नियमित रूप से पता लगाकर आसपास के ग्रामों में तत्काल सूचना पहुंचाई जा रही है, जिससे ग्रामीण समय रहते सतर्क रह सकें। इसके अतिरिक्त प्रभावित क्षेत्रों में लगातार मुनादी कर लोगों को हाथियों की उपस्थिति एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी दी जा रही है। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों से विशेष अपील की गई है कि हाथियों के वन क्षेत्र में विचरण के दौरान लकड़ी, चारा अथवा अन्य निस्तार कार्यों के लिए जंगल में प्रवेश न करें। साथ ही किसी भी परिस्थिति में हाथियों के समीप जाने, उन्हें उकसाने, उनका पीछा करने अथवा उनके साथ सेल्फी या वीडियो बनाने का प्रयास न करें, क्योंकि इससे गंभीर दुर्घटना की आशंका बढ़ सकती है।

### साझा की जा रही जानकारी

विभाग द्वारा ग्राम स्तर पर जनप्रतिनिधियों, वन सुरक्षा समितियों तथा स्थानीय नागरिकों के सहयोग से हाथियों की गतिविधियों की जानकारी निरंतर साझा की जा रही है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। वन विभाग का उद्देश्य हाथियों एवं ग्रामीणों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मानव-हाथी द्वंद्व की घटनाओं को प्रभावी रूप से रोकना है। वन विभाग ने नागरिकों से आग्रह किया है कि हाथियों की सूचना मिलने पर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा केवल वन विभाग द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं का ही पालन करें। यदि किसी क्षेत्र में हाथियों की उपस्थिति दिखाई दे अथवा उनकी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो, तो इसकी सूचना तत्काल निकटस्थ वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी अथवा आरआरटी को दें।

### सुरक्षा निर्देशों का करें पालन

वन विभाग ने पुनः सभी ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि वे विभाग द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें, रात्रि के समय अनावश्यक रूप से जंगल अथवा हाथियों के विचरण वाले क्षेत्रों में न जाएं तथा किसी भी आपात स्थिति में वन विभाग से तत्काल संपर्क करें। विभाग ने विश्वास व्यक्त किया है कि ग्रामीणों की सतर्कता, सहयोग एवं समय पर सूचना देने की सक्रिय सहभागिता से हाथी-मानव द्वंद की घटनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है।

# कार व हाइवा की सीधी भिड़ंत, दो की मौत

■ लवाकेरा-जूनाडीह मोड़ पर हुआ हादसा

**जशपुर।** जिले के तपकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लवाकेरा-जूनाडीह मोड़ पर शनिवार शाम करीब 6 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ओडिशा से कुनकुरी आ रही एक कार की सामने से आ रहे हाइवा ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों मृतक कुनकुरी के जूता-चप्पल व्यवसायी बताए जा रहे हैं। उनकी आधिकारिक पहचान पुलिस द्वारा की जानी बाकी है।

दुर्घटना के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे एक शव वाहन के अंदर फंस गया। स्थानीय लोगों और पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोहे की रॉड की मदद से कार का गेट खोलकर शव को बाहर निकाला। इसके बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। सूचना मिलते ही तपकरा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी। हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। इस दर्दनाक हादसे की खबर से कुनकुरी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### महतारी वंदन योजना से महिलाएं बनीं सक्षम



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है। योजना के माध्यम से हर माह मिलने वाली आर्थिक सहायता से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। अब वे अपने छोटे-छोटे खर्चों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं हैं और आत्मविश्वास के साथ अपने परिवार की जिम्मेदारियों में भी सहयोग कर रही हैं। 11 जुलाई को योजना की 29वीं किस्त जारी होने के बाद कुनकुरी की महिलाओं के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। महिलाओं ने बताया कि प्रत्येक माह 10 से 12 तारीख के बीच उनके खाते में एक हजार रुपये की राशि जमा हो जाती है।

# जशक्राफ्ट के माध्यम से हस्तशिल्प को मिलेगी नई पहचान

■ आधुनिक प्रशिक्षण से बढ़ेगी आजीविका और रोजगार

**जशपुरनगर।** जिले में जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण आजीविका एवं पारंपरिक हस्तशिल्प को नई पहचान दिलाने की दिशा में लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जशक्राफ्ट ब्रांड को सुदृढ़ करने तथा बांस हस्तशिल्प से जुड़े परिवारों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से विकासखंड जशपुर की ग्राम पंचायत झोलांगा में एक माह का आवासीय बांस हस्तशिल्प प्रशिक्षण 29 जून से 29 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर श्री रोहित व्यास के नेतृत्व एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिला पंचायत जशपुर तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान), जनपद पंचायत जशपुर द्वारा संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से बांस हस्तशिल्प से जुड़े लगभग 150 परिवारों के आजीविका संवर्धन का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में 46 महिलाओं के प्रथम बैच को आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि प्रतिभागियों को आधुनिक मशीनों के उपयोग, नवीन डिजाइनों तथा वर्तमान बाजार की मांग के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद ⏭ शेष पेज 4 पर



### 250 परिवारों की आजीविका

उल्लेखनीय है कि जशपुर एवं मनोरा विकासखंड में लगभग 250 परिवार वर्षों से बांस हस्तशिल्प के माध्यम से अपनी आजीविका अर्जित कर रहे हैं। इस कार्य में पुरुषों के साथ-साथ बड़ी संख्या में बिहान स्व-सहायता समूहों की महिलाएं भी सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। जिला प्रशासन द्वारा इन समूहों को चक्रीय निधि, सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ), बैंक लिंकेज तथा मुद्रा ऋण जैसी वित्तीय सुविधाओं से जोड़कर उनके उद्यमों को मजबूती प्रदान की जा रही है। साथ ही समय-समय पर कौशल उन्नयन एवं उद्यमिता विकास संबंधी प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### विशेषज्ञ दे रहे सेवाएं

जशक्राफ्ट ब्रांड के अंतर्गत तैयार हस्तशिल्प उत्पादों को रूरल मार्ट, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों तथा देश के विभिन्न बाजारों से जोड़ने के लिए डिजाइन एवं विपणन विशेषज्ञों की सेवाएं ली जा रही हैं, जिससे स्थानीय कारीगरों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके।

# जशपुर से उठी पुरानी पेंशन की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

■ छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मुख्य मुद्दा प्रथम नियुक्ति तिथि से सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने तथा इस संबंध में चल रही कानूनी एवं संगठनात्मक लड़ाई को निर्णायक रूप देने का रहा।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 10 वर्ष की सेवा पूर्ण नहीं कर पाने वाले शिक्षकों को शून्य पेंशन मिलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं अन्यायपूर्ण है। इस व्यवस्था पर सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे शिक्षकों के साथ भेदभावपूर्ण नीति बताया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि



पुरानी पेंशन सबको पेंशन₹ के संकल्प के साथ जिले के शिक्षक सर्वोच्च न्यायालय में चल रही लड़ाई में संगठन का पूर्ण सहयोग करेंगे तथा आवश्यक सहयोग राशि भी उपलब्ध कराएंगे। साथ ही संगठन द्वारा जमीनी स्तर पर व्यापक जनजागरण अभियान चलाकर प्रत्येक विकासखंड, संकुल एवं विद्यालय स्तर तक शिक्षकों को इस आंदोलन से जोड़ा जाएगा। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि ₹पेंशन ही पेंशन मिलेगी तो टेंशन नहीं रहेगा।₹ उन्होंने सभी शिक्षकों से संगठन को मजबूत बनाने, प्रत्येक ब्लॉक में सक्रिय टीम तैयार करने तथा आगामी आंदोलन के लिए पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया। बैठक में शिक्षकों से की जा रही पेंशन संबंधी भेदभावपूर्ण नीति पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए माननीय मुख्यमंत्री से प्रथम नियुक्ति तिथि से सभी शिक्षकों को समान रूप से पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने की मांग की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 10 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण नहीं होने के कारण शून्य पेंशन पर सेवानिवृत्त होने वाले जिलेभर के शिक्षकों के सम्मान में जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं प्रांतीय पदाधिकारियों को आमंत्रित कर शून्य पेंशन की समस्या को समाज और शासन के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा तथा प्रथम नियुक्ति तिथि से सभी शिक्षकों को समान रूप से पुरानी पेंशन का लाभ देने की मांग को और मजबूती से उठाया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुरानी पेंशन, टेट एवं शिक्षकों की अन्य लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर सर्वोच्च न्यायालय तक की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी। अंत में सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया गया।

### रथ यात्रा महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में

# जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में 16 को निकलेगी भव्य रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोकड़ा/जशपुरनगर

■ कौशल्या साय निभाएंगी गजपति महाराज की परम्परा

ग्राम दोकड़ा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में आयोजित होने वाले रथ यात्रा महोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। मंदिर परिसर को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है।

रथ सज्जा, पूजा-अर्चना, श्रद्धालुओं की सुविधाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर मंदिर समिति युद्धस्तर पर तैयारियों में जुटी हुई है। इस वर्ष महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं के



शामिल होने की संभावना है।मंदिर समिति के अनुसार 14 जुलाई को नेत्र उत्सव एवं नव यौवन दर्शन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ होगा। इसके बाद 16 जुलाई (गुरुवार) को भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा पूरे श्रद्धा एवं उल्लास के साथ निकाली जाएगी। रथ यात्रा के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय होंगे। दोनों पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मंदिर के गजपति महाराज की परम्परा का निर्वहन करेंगे, जो इस महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगा। रथ यात्रा महोत्सव के दौरान प्रतिदिन ओडिशा की प्रसिद्ध कीर्तन मंडलियों द्वारा भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। इसके अलावा रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, लिटिल चैंप प्रतियोगिता, फूल-माला प्रतियोगिता तथा प्रतिदिन महाप्रसाद वितरण सहित अनेक धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। महोत्सव की आगामी कड़ियों में 24 जुलाई को बाहुड़ा यात्रा, 25 जुलाई को सुना वेश, 26 जुलाई को अधर पाना तथा 27 जुलाई को नीलाद्री विजय के साथ आयोजन का विधिवत समापन होगा।

### 17 से 21 तक होगी जगन्नाथ कथा

मंदिर आयोजन समिति ने बताया कि 17 से 21 जुलाई तक प्रतिदिन अपराह्न 3:30 से शाम 7:30 बजे तक मौसी बाड़ी समीप मिडिल स्कूल प्रांगण में श्री जगन्नाथ कथा का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं धर्मपत्नी कौशल्या साय के विशेष सानिध्य में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कीर्तनकार एवं कथा वाचक कामता प्रसाद शरण श्रद्धालुओं को श्री जगन्नाथ महाप्रभु की दिव्य कथा का रसपान कराएंगे। मंदिर समिति ने क्षेत्र एवं आसपास के सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा एवं समस्त धार्मिक आयोजनों में सहभागी बनने तथा पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।





# आज ज़ी सिनेमा पर 'मावीरन' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर...

**मुंबई।** ज़ी सिनेमा पर अभिनेता शिवकार्तिकेयन अभिनीत सुपरहिट एक्शन-फैंटेसी फिल्म मावीरन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर आज 12 जुलाई को रात आठ बजे होगा। निर्माताओं ने बताया कि निर्देशक मैडोना अश्विन की फिल्म मावीरन एक्शन, कॉमेडी, फैंटेसी और भावनाओं का अनूठा संगम है। फिल्म की कहानी सत्या नामक एक कार्टूनिस्ट के इर्द-गिर्द घूमती है, जो टकराव से बचने वाला साधारण युवक है। एक हादसे के बाद उसे एक रहस्यमयी आवाज़ सुनाई देने लगती है, जो उसके जीवन की दिशा बदल देती है। इसके बाद वह अपने भीतर छिपे साहस को पहचानते हुए एक भ्रष्ट नेता के खिलाफ बेबस लोगों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ता है।

लाइफ Style

# प्रियंका

## 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी किया है। वह फिल्म से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ी हैं, जबकि इसका निर्देशन ऑरलैंडो वॉन आइनसीडेल ने किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी किया है। वह फिल्म से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ी हैं, जबकि इसका निर्देशन ऑरलैंडो वॉन आइन्सीडेल ने किया है। इसकी कहानी 1970 के दशक में घटित दिल्ली के रहने वाले 23 वर्षीय कलाकार पीके महानंदिया पर आधारित है, जो सच्चे प्यार की तलाश में भारत से स्वीडन तक 6,000 मील की यात्रा पर साइकिल से निकले थे। ये सेकंड-हैंड साइकिल उन्होंने अपनी पेंटिंग्स बेचकर खरीदी थी। प्रियंका ने लिखा, 'जब मैंने पहली बार उस यात्रा की कहानी सुनी पीके महालंदिया प्यार के लिए महाद्वीपों की साइकिल यात्रा की कहानी सुनकर मैं दंग रह गई। ये उन दुर्लभ, अविश्वसनीय सच्ची कहानियों में से एक है जो लंबे समय तक आपके मन में रहती है।' उन्होंने निर्देशक का आभार जताते हुए लिखा, 'ये फिल्म आशा और अपने दिल की बात मानने के साहस की एक गहरी मानवीय कहानी है। मुझे आपके साथ ट्रेलर साझा करके खुशी हो रही है।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'फिल्म 28 अगस्त को अमेरिका और 18 सितंबर को ब्रिटेन में रिलीज होगी। जल्द अन्य अंतरराष्ट्रीय रिलीज तारीखों की घोषणा होगी।



## हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद पहली बार दिखे

**लॉस एंजिल्स।** कैलिफोर्निया में जुजू स्मिथ-शस्टर की शादी हुई, जहां टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्सी शादी के बाद पहली बार पति-पत्नी के रूप में एक साथ किसी बड़े कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान टेलर स्विफ्ट गुलाबी फूलों वाले एक बेहद खूबसूरत बॉल गाउन में नजर आईं, जिसने सबका ध्यान खींचा। वहां टेलर स्विफ्ट ने अपनी शादी की अंगूठी भी दिखाई, वहीं ट्रैविस केल्सी क्लासिक ग्रे सूट में काफी हैंडसम लग रहे थे। इसी महीने की शुरुआत में शादी के बंधन में बंधने के बाद ये इस नई शादीशुदा जोड़ी की पहली बड़ी सार्वजनिक उपस्थिति थी।




# 'ड्यूनः पार्ट 3' का धमाकेदार ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ड्यूनः पार्ट 3' इस साल बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचाने के लिए तैयार है। डेनिस विलेन्यूव द्वारा निर्देशित फिल्म से टिमोथी चालमेट, जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन की पहली आधिकारिक झलक पहले ही जारी हो चुकी थी। अब निर्माताओं ने फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जो ब्रह्मांड के सबसे खूंखार युद्ध का संकेत देता है। साइंस-फिक्शन से भरपूर यह इस फ्रैंचाइजी की तीसरी और आखिरी कड़ी है, जिसमें दमदार वीएफएक्स शामिल है। 'ड्यूनः पार्ट 3' की कहानी 17 साल आगे से शुरू होती है। इस बार पॉल एट्रीडेस (टिमोथी) के सामने रूप बदलने वाला खलनायक स्काइटेल (रॉबर्ट) खड़ा है। वह उसके साम्राज्य ध्वस्त करना चाहता है। उधर, पॉल और चानी (जेंडाया) के रिश्ते में दूरियां आ चुकी हैं।



# 'गोलमाल 5' में धमाल मचाएंगी प्रियामणि

**मुंबई।** रोहित शेट्टी एक बार फिर 'गोलमाल' फ्रैंचाइजी की दुनिया में कदम रख चुके हैं। इस सुपरहिट फिल्म की 5वीं किस्त के साथ अजय देवगन और उनकी पूरी पलटन लौटने के लिए तैयार है। काफी समय से चर्चा थी कि इस बार निर्माता फिल्म में महिला अभिनेत्री को शामिल नहीं करेंगे और यह पूरी तरह से पुरुष प्रधान फिल्म होगी। अब फिल्म पर आई हालिया जानकारी पिछले दावे से पूरी तरह उलट है, क्योंकि एक अभिनेत्री इसमें शामिल हो गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 'गोलमाल 5' से अभिनेत्री प्रियामणि का नाम जुड़ चुका है। 'फैमिली मैन' और 'आर्टिकल 370' जैसी फिल्मों व सीरीज से चर्चा बटोरने वालीं अभिनेत्री फिल्म में एक नकारात्मक किरदार निभाती हुई दिखाई देंगी।



# रामायण का ट्रेलर 24 को होगा रिलीज

**मुंबई।** निर्माता नमित मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायणम का ट्रेलर 24 जुलाई को दुनिया भर में रिलीज किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा कि फिल्म का ट्रेलर वैश्विक स्तर पर एक साथ प्रीमियर होगा। फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। इसका पहला भाग दिवाली 2026 और दूसरा भाग दिवाली, 2027 में सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया जाएगा। मेकर्स के अनुसार, दो भागों में बनाई जा रही इस महागाथा का उद्देश्य भारत के सबसे प्रतिष्ठित महाकाव्यों में से एक रामायण को भव्य सिनेमाई प्रस्तुति, भावनात्मक गहराई और अत्याधुनिक विजुअल इफेक्ट्स के साथ वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाना है।

## टीवी मसाला

# जेब खर्च के खातिर किया छोटा-मोटा काम, 'स्प्लिट्सविला' ने चमका दी किस्मत

**नई दिल्ली।** एक्टर पारस छाबड़ा ने टीवी की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज भले ही वे बड़ा नाम बन चुके हैं, लेकिन उनकी किस्मत का सितारा चमका था साल 2012 में आए शो 'स्प्लिट्सविला 5' से।



शो ने दिल्ली के लड़के को देखते ही देखते घर-घर में मशहूर कर दिया। पारस छाबड़ा ने न सिर्फ शो में अपना जलवा बिखेरा, बल्कि आकांक्षा पोपली के साथ मिलकर सीजन की ट्रॉफी भी अपने नाम की थी। एक जीत ने उनके लिए ग्लैमर वर्ल्ड के सारे दरवाजे हमेशा के लिए खोल दिए। पारस का बचपन सामान्य नहीं था। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। उनकी मां रूबी छाबड़ा ने अकेले ही बेहद मुश्किल हालातों में उनकी परवरिश की। मां के इसी स्ट्रगल को देखकर पारस के अंदर भी कुछ बड़ा करने की जिद पैदा हुई। कॉलेज की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने मॉडलिंग में हाथ आजमाना शुरू कर दिया था। उन्होंने शुरुआती दिनों में जेबखर्च के लिए कई छोटे-मोटे काम भी किए उन्हें धीरे-धीरे विज्ञापनों में काम मिलने लगा।

***'बिग बॉस 13' साबित हुआ टर्निंग प्वॉइंट :*** पारस ने 'स्प्लिट्सविला 5' की कामयाबी के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 'वी द सीरियल' में दिखे और साल 2015 में दोबारा 'स्प्लिट्सविला 8' का हिस्सा बने। उन्होंने टीवी सीरियल्स का रुख किया और 'बढ़ो बहू', 'आरंभ', 'कलीरें' और 'अघोरी' जैसे शोज में अपनी एक्टिंग का दम दिखाया। 'विघ्नहर्ता गणेश' सीरियल में निभाया गया उनका रावण का किरदार दर्शकों को खूब पसंद आया। लेकिन उनके करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया, जब उन्होंने 'बिग बॉस 13' में एंट्री ली। वे शो में टॉप 6 तक पहुंचे और फिनाले के दिन 10 लाख का सूटकेस लेकर शो से बाहर आ गए।

# सिद्धार्थ की फिल्म 'वन' की बदली रिलीज तारीख

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' अब 28 अगस्त को नहीं आएगी। निर्माता बालाजी मोशन पिक्चर्स ने एक मोशन पोस्टर




जारी करते हुए इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान किया है। दीपक मिश्रा और अरुणभ कुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले रक्षाबंधन के अवसर पर सिनेमाघरों में आनी थी। चूकि उसी हफ्ते में श्रद्धा कपूर की 'ईथा' और यश की 'टॉक्सिक' रिलीज हो रही हैं। इस टकराव से बचने के लिए ये फैसला लिया गया है। निर्माता एकता कपूर ने 'वन' का एनिमेटेड मोशन पोस्टर जारी किया है, जिसमें त्रिशूल लिए एक व्यक्ति खूंखार बाघ और नंदी से घिरा हुआ है। उसके चारो ओर बिजली की कड़क दिखाई गई है। पोस्ट के साथ कैप्शन दिया गया, 'बाघ की दहाड़ है... नंदी उसकी शक्ति है। और वन... उसकी कहानी।' फिल्म में सिद्धार्थ के साथ तमन्ना भाटिया मुख्य किरदार में हैं। यह अब 25 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। इसके बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी।

# राजकुमार राव की कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने तैयार...

**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव के अभिनेय के लोग दीवाने हैं। अब वह एक बार फिर कई बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी करीब 6 आगामी फिल्में चर्चा में हैं, जिनमें से 2 इसी साल रिलीज होंगी, जबकि 4 फिल्में 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देंगी। फैंस के बीच उनकी आने वाली फिल्मों को लेकर जबरदस्त उत्साह है। ऐसे में आइए देखते हैं राजकुमार की आने वाली फिल्मों की पूरी सूची।

***'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' और 'रफ्तार':*** कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' इस साल 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार के साथ-साथ वमिका गब्बी, जयदीप अहलावत और सिकंदर खेर भी मुख्य किरदार में हैं। राजकुमार की थ्रिलर फिल्म 'रफ्तार' इसी साल 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार के साथ कीर्ति सुरेश, अनुराग ठाकुर, रोहन वर्मा, तान्या मानिकतला और रजत कपूर मुख्य भूमिका में हैं।



***'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' और 'भेड़िया 2' :*** भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक फिल्म 'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' 14 मई, 2027 में रिलीज होगी। विक्रमादित्य मोटवानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राजकुमार मुख्य किरदार में दिखाई देंगे। मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'भेड़िया 2' साल 2027 तक रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में वरुण धवन मुख्य किरदार में नजर आएंगे। वहीं राजकुमार एक कैमियो भूमिका में दिखाई देंगे।

***'स्त्री 3' और 'छोटी स्त्री' :*** हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' के दोनों पार्ट के हिट होने के बाद अब निर्माता इसका तीसरा पार्ट बनाने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म 2027 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में राजकुमार और श्रद्धा कपूर साथ नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एनिमेटेड स्पिन-ऑफ फिल्म 'छोटी स्त्री' आने वाली है। इस फिल्म में राजुकार और श्रद्धा नजर आ सकते हैं। हालांकि, मेकर्स ने इसका इसकी रिलीज की तारीख और कास्ट का खुलासा नहीं किया है।

# सनी देओल की इन फिल्मों ने की थी खूब कमाई, जीत लिए थे सबके दिल

***मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सनी देओल अपनी दमदार अदाकारी और एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उनकी लीगल कोर्टरूम ड्रामा 'इक्का' अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। अगर आप इस फिल्म को देखने की योजना बना रहे हैं, तो उससे पहले सनी की उन सुपरहिट फिल्मों पर भी नजर डालिए, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और करोड़ों की कमाई कर दर्शकों का दिल जीत लिया था।*

## 'गदर 2' और 'गदरः एक प्रेम कथा'

सनी की सबसे कमाऊ फिल्मों की सूची में सबसे पहला नाम 'गदर 2' का है, जो 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने 686 करोड़ रुपये की जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म में सनी के साथ-साथ अमीषा पटेल भी मुख्य भूमिका में थीं। 'गदरः एक प्रेम कथा' का नाम इस सूची में दूसरे नंबर पर है। ये साल 2001 में रिलीज हुई थी। इसने उस समय दुनियाभर में 132.6 करोड़ रुपये की कमाई की थी।



## 'जाट' और 'यमला पगला दीवाना'

एक्शन-ड्रामा फिल्म 'जाट' साल 2025 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 126 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म में सनी के अलावा रणदीप हुड्डा भी मुख्य भूमिका में थे। कॉमेडी फिल्म 'यमला पगला दीवाना' 2011 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 88.55 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस फिल्म में सनी के साथ-साथ उनके दिवंगत पिता धर्मेंद्र और बॉबी देओल भी थे।

## 'बॉर्डर'

निर्देशक जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'बॉर्डर' (1997) भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन और ऐतिहासिक देशभक्ति फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हुई 'लोंगेवाला की लड़ाई' पर आधारित है। फिल्म में सनी देओल ने मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी का यादगार और दमदार किरदार निभाया था। उनके साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकारों ने भी शानदार अभिनय किया। इसने 64.98 करोड़ रुपये की रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी।

# 'धमाल 4' के आगे 'अल्फा' ने टेके घुटने 2 करोड़ रुपए कमाने में भी छूटे पसीने...

## 'धमाल 4' ने पहले दिन कमाए इतने करोड़

'धमाल 4' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने पहले ही दिन 10 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस कॉमेडी फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 13.75 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला है। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी 'धमाल 4' में रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी, संजय मिश्रा, रवि किशन, अंजलि आनंद, ईशा गुप्ता और संजीदा शेख भी अहम भूमिका में हैं।

***मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर इस शुक्रवार यानी 10 जुलाई को अजय देवगन की कॉमेडी फिल्म 'धमाल 4' रिलीज हुई। फिल्म ने सिनेमाघरों में आते ही तहलका मचा दिया है। भले ही फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन पहले दिन कमाई के मामले में इसने बाजी मार ली है। आलम ये है कि फिल्म के आगे आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की एक्शन-थ्रिलर 'अल्फा' पूरी तरह पस्त हो गई है। आइए जानें दोनों फिल्मों की कमाई।*




## 'धमाल 4' की आंधी में उड़ी 'अल्फा'

'धमाल 4' के रिलीज होते ही आलिया भट्ट की स्पाई थ्रिलर 'अल्फा' की कमाई को बड़ा झटका लगा है। पहले हफ्ते में 47.45 करोड़ कमाने वाली ये फिल्म अपने आठवें दिन (दूसरे शुक्रवार) बॉक्स ऑफिस पर पस्त नजर आई। फिल्म आठवें दिन 2 करोड़ भी नहीं कमा सकी और महज 1.65 करोड़ रुपये पर सिमट गई। इसके साथ ही 'अल्फा' का 8 दिनों का कुल कारोबार 49.10 करोड़ रुपये हो गया है।

# धनुष और वेत्रिमारन की ब्लॉकबस्टर जोड़ी की वापसी, 'तमिल मुरुगन' का पहला प्रोमो रिलीज



**मुंबई।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार धनुष ने निर्देशक वेत्रिमारन के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तमिल मुरुगन' का पहला प्रोमो जारी कर दिया है। इस प्रोमो के सामने आने के बाद से ही फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता काफी बढ़ गई है। ये फिल्म अरिवुमथी की एक चर्चित किताब पर आधारित है, जो तमिल इतिहास के एक बेहद महान और शक्तिशाली नेता की कहानी को बयां करती है। इस ऐतिहासिक नायक का विशेष जिक्र तमिलों के प्राचीन संगम साहित्य में भी मिलता है। इन फिल्मों में साथ काम कर चुके धनुष और वेत्रिमारन साउथ सिनेमा के सुपरस्टार धनुष और दिग्गज निर्देशक वेत्रिमारन एक बार फिर इतिहास दोहराने के लिए तैयार हैं। ये पांचवीं बार है, जब ये सुपरहिट जोड़ी किसी फिल्म के लिए एक साथ आई है। इससे पहले यह जोड़ी 'पोलधवन', 'आदुक्लम', 'वडा चेन्नई' और 'असुरन' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुकी है, जिन्होंने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर कमाई की, बल्कि राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी अपने नाम किए।

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह, बालिका शिक्षा एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देश पर जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के नवापारा स्थित कन्या हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने बाल विवाह मुक्त सूरजपुर अभियान की जानकारी दी। साथ ही बच्चियों को गुड टच एवं बेड टच की जानकारी बच्चों को दी गई। महिला सशक्तिकरण की फरजाना ने बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान अपने वाले सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लड़कियों को स्वच्छता के ऊपर विशेष ध्यान देना चाहिए महिला सशक्तिकरण हब की जेंडर विशेषज्ञ सलोनी कुजूर ने सखी वन स्टाफ केंद्र की सारी व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती किरण उपाध्याय, स्कूल के शिक्षक अमृतलाल कमर प्रमाण कश्यप, रश्मि टोप्पो एवं निर्मल तिर्की व विधिक सेवा प्राधिकरण से चिरंजीव राजवाड़े तेजस्वरी उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत बकिरमा में लाखों के वित्तीय अनियमितता का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**रामानुजनगर।** जनपद पंचायत प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बकिरमा में पंचायत निधि के कथित दुरुपयोग एवं वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता ने जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा। साथ ही निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। सौंपे गए ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता विशाल दुबे ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव द्वारा आपसी सांठगांठ कर पंचायत राज अधिनियम के नियमों की अनदेखी करते हुए विभिन्न विकास कार्यों के नाम पर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया। आवेदन में कई कार्यों के केवल कागजों में होने तथा मौके पर कार्य नहीं होने या अत्यंत निम्न गुणवत्ता का होने का उल्लेख किया गया है। जिसमे हैंडपंप खनन, सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक शौचालय, स्ट्रीट लाइट स्थापना, मरम्मत कार्य सहित अन्य मामलों में लाखों रुपये के भुगतान किए गए, जबकि कई कार्यों की भौतिक स्थिति संदिग्ध बताई गई है।उन्होंने आरोप लगाया है कि स्ट्रीट लाइट कार्य में सरपंच के पुत्र को एजेंसी बनाकर भुगतान किया गया। विशाल दुबे ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### चोरों ने दिन दहाड़े होटल के सामने खड़ी स्कूटी के डिक्की से पार किया 40 हजार रुपए

**सेदम।** बतौली अंतर्गत ग्राम शिवपुर निवासी ओम प्रकाश गुप्ता शुक्रवार को जिला सहकारी बैंक बतौली से 40 हजार निकाल कर अपने स्कूटी के डिक्की में रखकर घर जा रहे थे। इसी बीच बतौली बगीचा चौक स्थित होटल में नाश्ता करने गए और कुछ समय बाद वापस आ कर देखा तो स्कूटी का डिक्की खुला और 40 हजार रुपए गायब था। घटना की शिकायत ओम प्रकाश ने बतौली पुलिस से की। शिकायत पर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया लेकिन चोर का पता नहीं लग सका। बतौली पुलिस द्वारा हर एक बिंदुओं की विवेचना में लगा हुआ है। इसी प्रकार बतौली थाना रोड निवासी सकंट मोचन गुप्ता यहां भी स्टेट बैंक बतौली से लाखों की राशि निकाल कर दुकान के दराज में रखा गया था जहां अज्ञात चोरों द्वारा दुकानदार को चकमा देकर राशि लेकर रफूचक्कर हो गए जिनका अब तक पता नहीं चल सका है ।

### मृत ससुर के दस्तावेजों को लेकर पति-पत्नी में विवाद, ग्रामीण ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** ग्राम सोनवाही महादेवपारा में एक ग्रामीण ने मृत ससुर के दस्तावेज को लेकर पत्नी के साथ हुए कहासुनी व विवाद होने के बाद क्षुब्ध होकर फांसी लगा ली है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम सोनवाही महादेवपारा निवासी 47 वर्षीय सावाल साय सिंह पिता महादेव गोंड का शुक्रवार शाम पत्नी जुगमेन बाई के साथ ससुर के मृत्यु प्रमाण पत्र एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनवाने की बात को लेकर कहासुनी व विवाद हो गया। इसके बाद सावल साय ने खाना खाकर घर के बाहर बरामदे में सोने चला गया , शनिवार की सुबह ग्रामीण का शव गौशाला में फांसी पर लटका पाया गया है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### राशि के अभाव में महत्वपूर्ण भवन वर्षों से अधूरे

# अधूरे भवनों के लिए मिली 4.5 करोड़ की स्वीकृति विवि बनाएगा मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- पुराने प्रशासनिक कार्यालय परिसर में होगा निर्माण

भवन की समस्या से जूझ रहे संत गहिरा गुरू विवि की समस्याओं का निराकरण होता नहीं दिखाई दे रहा है। राशि के अभाव में विवि के महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण पिछले चार सालों से अटका पड़ा है। शासन द्वारा विवि को भवन निर्माण के लिए बजट में 4.5 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। विवि द्वारा इस राशि से पुराने कार्यालय परिसर में मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग बनाने की तैयारियां कर रहा है।

स्थापना के बाद से ही संत गहिरा गुरू विवि के प्रशासनिक कार्यालय का संचालन शहर के दर्रीपारा स्थित एक पुराने शासकीय भवन में किया जा रहा था। हालांकि विवि द्वारा प्रशासनिक कार्यालय परिसर में आवश्यकता के अनुसार परीक्षा शाखा, गोपनीय विभाग एवं भंडारगृह के लिए शेड का निर्माण कर कार्यों का संचालन किया जा रहा था। इस बीच प्रशासनिक कार्यालय स्थित कुलपति कार्यालय की छत ढहने एवं कार्यालय के अन्य कमरों के छत का प्लास्टर गिरने एवं पानी टपकने के कारण प्रबंधन ने आनन-फानन में कार्यालय को भकुरा परिसर में स्थानांतरित कर दिया। विपरीत परिस्थितियों में पिछले एक साल से प्रशासनिक कार्यालय का संचालन भकुरा परिसर में किया जा रहा है। परिसर में निर्माणाधीन प्रशासनिक कार्यालय, एकेडमिक बिल्डिंग, छात्रावास, पुस्तकालय, गेस्ट हाउस सहित अन्य भवनों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। विवि ने अधूरे भवनों के निर्माण के लिए 14.35 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा था तथा बजट में राशि की स्वीकृति मिलने की भी उम्मीद जताई जा रही थी लेकिन बजट में भवन निर्माण के लिए मात्र 4.5 करोड़ की स्वीकृति मिली है। शासन द्वारा बजट में स्वीकृत राशि अभी विवि को उपलब्ध नहीं कराई गई है। विवि प्रशासन इस राशि से पुराने प्रशासनिक कार्यालय परिसर में मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग बनाने की तैयारियां कर रहा है। भकुरा परिसर में आवश्यक भवनों का निर्माण नहीं होने के कारण शैक्षणिक विभागों की व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गयी है तथा शैक्षणिक विभागों का संचालन अलग-अलग भवनों में जैसे-तैसे किया जा रहा है। विवि के भकुरा परिसर को आबाद करने के लिए अधूरे भवनों का निर्माण पूरा करना बेहद आवश्यक माना जा रहा है। भवनों का निर्माण पूरा होने के बाद ही शैक्षणिक विभागों का संचालन प्रारंभ हो सकेगा तथा परिसर की रौनक बढ़ेगी। पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण इस साल भी अधूरे भवनों का निर्माण संभव नहीं है। ऐसे में विवि प्रबंधन को अन्य विकल्पों का भी सहारा लेने की जरूरत बताई जा रही है।



अधूरा एकेडमिक बिल्डिंग।

#### अधूरे भवनों का निर्माण जरूरी

शिक्षा के क्षेत्र में विवि अपनी पहचान बना सके इसके लिए शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार एवं सभी शैक्षिक विभागों का संचालन एक परिसर में करने की जरूरत बताई जा रही है। विवि ने शासन से चालू शिक्षा सत्र से 25 नये विषयों के संचालन की स्वीकृति ली है। विवि के पास भकुरा परिसर में पूर्व से संचालित शैक्षिक विभागों के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। नए विषयों की कक्षाओं के लिए भी भवनों की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में अधूरे भवनों का निर्माण पूरा किए बिना नए विषयों का संचालन संभव नहीं है। जानकार विवि के शैक्षिक विभागों को पर्याप्त जगह उपलब्ध कराने के लिए सबसे पहले अधूरे भवनों के निर्माण को आवश्यक बता रहे है। जानकारों का कहना है कि भवन निर्माण के लिए प्राप्त राशि से किसी एक भवन का निर्माण पूरा कर शैक्षिक व्यवस्था को दुरूस्त किया जा सकता है। एकेडमिक भवन का निर्माण पूरा होने से विवि को 40 से अधिक कमरे उपलब्ध होंगे जिसमें शैक्षणिक विभागों का संचालन आसानी से एक परिसर में किया जा सकता है।

#### बनेगा गेस्ट हाउस एवं आईटी हब

विवि का गेस्ट हाउस भकुरा परिसर में निर्माणाधीन है तथा राशि के अभाव में वर्षों से अधूरा पड़ा है। गेस्ट हाउस के अभाव में विवि अपने अतिथियों को होटलों में रूकवाता है तथा भारी-भरकम राशि खर्च करता है। विवि ने बजट में स्वीकृत राशि से विवि प्रबंधन ने पुराने प्रशासनिक कार्यालय परिसर में मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग का निर्माण कराने का निर्णय लिया है। इस भवन में गेस्ट हाउस, ट्रेनिंग सेंटर, एक्यूवेशन सेंटर, कॉन्फ्रेंस हॉल एवं आईटी हब का निर्माण किया जाएगा।

#### बनाया जा रहा नक्शा

शासन द्वारा भवन निर्माण के लिए स्वीकृत राशि से पुराने प्रशासनिक कार्यालय परिसर में मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग बनाने का निर्णय लिया गया है। अभी शासन से राशि उपलब्ध नहीं हुई है। इंजीनियर से प्रस्तावित भवन का नक्शा बनवाया जा रहा है।

-प्रो.राजेन्द्र लाकपाले
कुलपति, एसजीजीयू



## निरीक्षण में उठा विवाद, उपाध्यक्ष ने लगाए नियम विरुद्ध निर्माण के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

नगर पंचायत लखनपुर में निर्माणाधीन दुकानों के निरीक्षण के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा सन्नी बंसल ने वार्ड क्रमांक 8 स्थित पुराने बस स्टैंड के पास हमर क्लिनिक के समीप चल रहे दुकान निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य में नियमों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों की शिकायत पर उपाध्यक्ष नेहा सन्नी बंसल शुक्रवार सुबह निर्माण स्थल पर पहुंचीं। इस दौरान नगर पंचायत के उप अभियंता प्रदीप एक्का, पार्षद, नगर पंचायत कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्ग से निर्माण स्थल की दूरी की माप की गई। उपाध्यक्ष का आरोप है कि कलेक्टर द्वारा 28 जुलाई को जारी आदेश के अनुसार अंबिकापुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग से 22.50 मीटर की दूरी छोड़कर दुकानों का निर्माण किया जाना था, जबकि मौके पर यह दूरी लगभग 13 मीटर पाई गई। इसी आधार पर उन्होंने निर्माण कार्य को नियम विरुद्ध बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई। उपाध्यक्ष नेहा सन्नी बंसल ने यह भी आरोप लगाया कि बस स्टैंड परिसर में लगाए गए हमर लखनपुर लाइटिंग बोर्ड का भुगतान खरीदी में मनमाने दर पर किया गया है। उन्होंने उक्त कार्य की भी जांच कराए जाने की मांग की। मामले की जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मौके पर बुलाने का प्रयास किया गया, लेकिन सीएमओ निरीक्षण स्थल पर नहीं पहुंचे। इस बात को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी नाराजगी व्यक्त की। उप अभियंता प्रदीप एक्का ने बताया कि परियोजना का लेआउट संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है तथा निर्माण कार्य निर्धारित नियमों और मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है। निरीक्षण के बाद उपाध्यक्ष नेहा सन्नी बंसल ने नगर पंचायत प्रशासन, सीएमओ एवं उप अभियंता पर नियमों की अनदेखी, गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं के आरोप लगाए। उपाध्यक्ष ने मामले की शिकायत नगरीय प्रशासन विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से करने तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की भी मांग की गई है।

#### नियमानुसार हो रहे काम

नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे सभी निर्माण कार्य नियमानुसार एवं स्वीकृत मानकों के अनुरूप किए जा रहे हैं। उन्होंने उपाध्यक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को गलत बताया। उनके द्वारा उपाध्यक्ष के साथ किसी प्रकार का अभद्र व्यवहार नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष का फोन उनके द्वारा रिसीव किया गया था तथा उन्हें यह जानकारी दी गई थी कि एक पार्षद के निधन के कारण वे आवश्यक कार्यों में व्यस्त थे, इसलिए मौके पर नहीं पहुंच सके।

- विद्यासागर चौधरी
सीएमओ लखनपुर

## अखंड भारत के प्रणेता एवं राष्ट्र नायक थे डॉ.मुखर्जी



**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के सिटी कार्यालय स्थित सभागार में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी साधारण जीवन वाले थे तथा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक उत्कृष्ठ कार्य किए। बीएचयू बनाने में उनका योगदान रहा है। वे प्रखर राष्ट्रवादी थे और राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखते थे। भारत एवं बंगाल को संगठित करने में उनका बड़ा योगदान रहा है।

मुकेश तिवारी ने कहा कि आजाद भारत के प्रथम सरकार में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उद्योग मंत्रालय का प्रभार दिया गया था उन्होंने देश की भौगोलिक स्थिति के अनुसार कई अत्याधुनिक कारखाने स्थापित करने की पहल की। 33 वर्ष की आयु में वे बंगाल विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए। उन्होंने जम्मू एंड कश्मीर में परमिट सिस्टम को समाप्त किया और पूरे देश को यह संदेश दिया कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं हो सकते। कैलाश मिश्रा ने कहा कि आप ऊर्जावान होने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्ति तक संकल्पित रहें। आप अपने लिए ही नहीं बल्कि समाज के लिए भी परोपकारी कार्य के लिए तत्पर रहे जिससे भारत एक सशक्त देश के रूप में विकसित हो सके। कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया तथा कहा कि राशि के आभाव में विश्वविद्यालय के अधूरे निर्माण समय पर पूरे नहीं हुए तो निर्माण अनुपयोगी हो जाएगें। न केवल सरगुजा संभाग बल्कि पूरे प्रदेश को आर्थिक हानि होगी। कार्यक्रम का संचालन खेमकरण अहिरवार एवं धन्यवाद ज्ञापन, हरिशंकर प्रसाद टोण्डे ने किया। अंत में अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

### देवर ने पत्नी के साथ मिलकर की भाभी की पिटाई

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम गढबीरा निवासी श्रीमती दिलबासो पति गंभीर साय टोप्पो बुधवार को घर में थी तभी देवर मुनेश्वर टोप्पो की बकरी बाड़ी में आ गई। बकरी को मक्का बाड़ी में देख दिलबासो भगाने लगी तभी देवरानी राजमोहिनी ने देख बकरी को मारने से मना किया जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ जाने पर मुनेश्वर भी मौके पर पहुंच गया और पत्नी के साथ मिलकर भाभी की जमकर पिटाई कर दी। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

## करंट की चपेट में आने से कॉलरीकर्मी की मौत

**अम्बिकापुर।** स्नान करने के बाद कुलर पकड़ कर पत्नी से बात कर रहे कॉलरी कर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। परिजन कॉलरी कर्मी का निजी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम मदनपुर निवासी रोबिन मंडल आ. नारायण मंडल (30 वर्ष) एसईसीएल बिजूरी में काम करता था। 9 जुलाई की रात घर आया था। दूसरे दिन दोपहर 3 बजे बाथरूम में स्नान करने के बाद कमरे में गया और कूलर पर हाथ रखकर पत्नी से बात कर रहा था। इसी दौरान बोरिंग चलाने लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट हो गया जिससे कूलर में करंट फैल जाने से करंट की चपेट में आने से कमरे में गिर गया। पति को जमीन पर गिरा देख पत्नी शोर मचाने लगी। परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा रोबिन के नाक व कान से खून निकल रहा था और वह मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन तत्काल उपचार के लिए शहर के मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत कॉलरीकर्मी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट क्लस्टर 2 का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- 10 विद्यालयों के 208 प्रतिभागियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में दिखाई अपनी प्रतिभा

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को डीएवी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता क्लस्टर-II का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ ज़ोन के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार एवं सह-क्षेत्रीय अधिकारी मौलिका मुखर्जी के मार्गदर्शन तथा विद्यालय की प्राचार्या एवं वेन्यू इंचार्ज के नेतृत्व में किया गया।

एक दिवसीय प्रतियोगिता में 4 डीएवी पब्लिक स्कूल (बिश्रामपुर, भटगांव, पांडवपारा एवं चिरमिरी) तथा 6 डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल (कनकनगर, जमड़ी, भंवरमाल, कालामंजन, सकरिया एवं पतरातू) के 208 खिलाड़ी शामिल हुए। इनमें 136 छात्र और 72 छात्राएं विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पहुंचे। प्रतियोगिता में दौड़, गोला फेंक, तवा फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, स्केटिंग और जूडो सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल बिश्रामपुर के महाप्रबंधक संजय सिंह रहे। विशिष्ट अतिथियों में एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर श्याम सुंदर रात्रे, डीएवी पांडवपारा के प्राचार्य पीएल वर्मा, एसकेएमएस यूनियन के पंकज गर्ग सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी गान से हुआ,मुख्य अतिथि ने क्रीड़ा ध्वज फहराकर मशाल प्रज्ज्वलित किया। विद्यालय के स्कूल हेड बॉय राघवेन्द्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अनुशासनबद्ध मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि संजय सिंह ने खिलाड़ियों से हार-जीत से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। स्कूल की प्राचार्या ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि क्लस्टर स्तर के विजेता खिलाड़ी जोनल स्तर की डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट के लिए चयनित होंगे, जहां से सफल प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों की स्पर्धाओं के परिणाम भी घोषित किए गए। 100 मीटर, 800 मीटर दौड़, गोला फेंक तथा जूडो सहित कई प्रतियोगिताओं में बिश्रामपुर, चिरमिरी, भटगांव और पांडवपारा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किए। विशेष रूप से बिश्रामपुर के खिलाड़ियों ने गोला फेंक, 800 मीटर दौड़ और जूडो स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन कर कई पदक अपने नाम किए। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ अध्यापिकाओं अर्पणा मिश्रा एवं शोभा नामदेव ने किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### आईजीएस की वाटरशेड एवं आजीविका परियोजनाओं का डॉ. अनिनीदा गुप्ता ने किया निरीक्षण

**राजपुर।** इंडियन ग्रामीण सर्विसेज द्वारा विकासखंड की 52 ग्राम पंचायतों में संचालित वाटरशेड एवं आजीविका परियोजनाओं का दो दिवसीय निरीक्षण डॉ. अनिनीदा गुप्ता ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जल संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यों का जायजा लेते हुए परियोजनाओं के प्रभाव और गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। भ्रमण के दौरान डॉ. गुप्ता ने विभिन्न गांवों में निर्मित चेक डैम, स्टैगर्ड कंटूर ट्रेंच सहित जल एवं मृदा संरक्षण संरचनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इन कार्यों की उपयोगिता, रखरखाव और ग्रामीणों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। साथ ही उत्पादक समूहों के सदस्यों से चर्चा कर उनकी गतिविधियों, उपलब्धियों तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। लाऊ ग्राम में डॉ. गुप्ता ने मचान पद्धति से सब्जी उत्पादन एवं बकरी पालन से जुड़े हितग्राहियों से मुलाकात की। उन्होंने संस्थान द्वारा दिए जा रहे तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण और अन्य सुविधाओं के संबंध में हितग्राहियों से फीडबैक लिया। ग्रामीणों ने बताया कि परियोजना के सहयोग से कृषि और पशुपालन में सुधार हुआ है तथा उनकी आय में वृद्धि के नए अवसर विकसित हुए हैं। निरीक्षण के दौरान डॉ. गुप्ता ने राजपुर ब्लॉक में निर्मित आजीविका डबरियों का भी अवलोकन किया।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला जशपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक 3250/ वाचक- 2/ अपर कले. /2026
जशपुर, दिनांक 23/06/2026

सर्व साधारण को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आनन्द कुमार तिर्की पिता श्री बेनेदिक तिर्की, उम्र 34 वर्ष, जाति उरांव, निवासी स्ट्रीट-2, सेक्टर-11, जोन -3 खुर्शीपार, भिलाई, थाना भिलाई, तहसील दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.) एवं आवेदिका राहिल एक्का पिता श्री इमिल एक्का, उम्र 29 वर्ष, जाति उरांव, निवासी ग्राम फरसाबहार, थाना फरसाबहार, तहसील फरसाबहार, जिला जशपुर (छ.ग.) द्वितीय पक्ष ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आशयित विवाह की सूचना दी गई है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.07.2026 को दोपहर 03:00 बजे मेरे न्यायालय में होगी।


उभयपक्ष के विवाह के संबंध में जिस किसी को आपत्ति करना हो तो निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 22.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी,
जिला जशपुर (छ.ग.)

## संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने घर से बरामद किया आधा बोरी नशीला कैप्सूल

- नशे के दो सौदागरों को किया गिरफ्तार



**अम्बिकापुर।** सीतापुर क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम के हाथ उस समय बड़ी सफलता लगी जब टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक ग्रामीण के घर से आधा बोरी नशीला कैप्सूल बरामद किया। टीम ने 3 हजार 528 नग नशीला कैप्सूल जब्त कर सीतापुर क्षेत्र के दो नशे के सौदागरों गिरफ्तार किया।

नशीली दवाइयों के खिलाफ संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ऑपरेशन क्लीन के तहत सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में नशे के सौदागरों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। 10 जुलाई को सीतापुर क्षेत्र में गश्त के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना सीतापुर अंतर्गत ग्राम केसला निवासी सजाद अली अपने घर में भारी मात्रा में नशीला कैप्सूल रखकर बेच रहा है। सूचना पर तत्काल आबकारी उड़नदस्ता टीम ने केसला में सजाद अली के घर में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान सजाद अली घर पर मौजूद मिला, उसके घर की तलाशी में उसके शयन कक्ष से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में कुल 3 हजार 528 नग नशीला कैप्शूल बरामद किया। पूछताछ में आरोपी सजाद खान ने बताया कि उसके पास से जब्त नशीला कैप्सूल धेलसरा थाना सीतापुर निवासी महबूब खान का है जो रिश्ते में भांजा है। सूचना पर .तत्काल आबकारी उड़नदस्ता टीम ने धेलसरा निवासी महबूब खान के घर दबिश देकर महबूब खान को भी गिरफ्तार कर लिया। सजाद खान और महबूब खान के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी व 29 के तहत गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय नार्कोटिक्स में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आबकारी आरक्षक अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडेय, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह सक्रिय रही।

### सर्पदंश से गंभीर महिला की गई जान

अम्बिकापुर। रामानुजगंज अंतर्गत विजयनगर क्षेत्र के ग्राम केतली बैगापारा निवासी फुलकुंवर श्रीवास्तव पति दिनेश श्रीवास्तव (44 वर्ष) 1 जुलाई को घर के समीप बाड़ी में विजय सिंह व एक अन्य मजदूर के साथ भिंडी सब्जी तोड़ रही थी। इसी दौरान पैर में जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के डस लेने पर महिला शो मचाने लगी तो परिजन मौके पर पहुंचे और सांप को मारकर महिला को रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### 40 फीट ऊंचाई से गिरने पर ठेका श्रमिक की मौत

**रायगढ़।** जिंदल पैंथर सीमेंट प्लांट में शनिवार को हुए एक दर्दनाक औद्योगिक हादसे में 40 फीट ऊंचाई से गिरने के कारण एक ठेका श्रमिक की मौत हो गई। घटना कोतरा रोड थाना क्षेत्र की है। हादसे के बाद श्रमिक को तत्काल निजी अस्पताल ले जाया गयाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के सिंदूरपुर देवली निवासी शंकर हजारा पिछले करीब एक वर्ष से बीजीसी इंडिया ठेका कंपनी के माध्यम से जिंदल पैंथर सीमेंट प्लांट में कारपेंटर के रूप में कार्यरत था। शनिवार को वह प्लांट में करीब 40 फीट ऊंचाई पर प्लाई उतारने का काम कर रहा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। हादसा होते ही मौके पर मौजूद अन्य श्रमिक दौड़कर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल शंकर हजारा को तत्काल निजी अस्पताल पहुंचायाए लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### लापरवाह पटवारी वीरेंद्र निलंबित

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने सरिया तहसील के ग्राम पुजेरीपाली में आयोजित सुशासन तिहार में प्राप्त शिकायत के आधार पर प्रकरण की जाँच की और पटवारी को दोषी मानते हुए उसे निलंबित किया है। पुजेरीपाली में सुशासन तिहार 20 मई को आयोजित किया गया था, जिसमें पटवारी वीरेंद्र सिंह राजपूत के विरुद्ध अपने हल्के में नहीं रहने और फोन नहीं रिसीव करने, साथ ही साथ आम जनमानस के कार्य सुचारु रूप से नहीं करने के संबंध में शिकायत किया गया था। विभिन्न विभागीय कार्यों के संबंध में भी तहसीलदार सरिया द्वारा उन्हें दो बार कारण बताओ नोटिस जारी भी किया गया था, लेकिन कार्य में उपेक्षित प्रगति नहीं लानेए सौंपे गए नक्शा बटानकन नहीं करने पर पटवारी राजपूत को निलंबित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। निलंबन अवधि में पटवारी राजपूत का मुख्यालय तहसील कार्यालय बरमकेला को नियत किया गया है।

### अब पुलिस की विवेचना होगी हाईटेक

**रायगढ़।** नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और तकनीक आधारित पुलिसिंग को मजबूत करने की दिशा में जिला पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ की ओर से जिले के विवेचकों को उपलब्ध कराए गए 105 स्मार्ट मोबाइल डेटा टर्मिनल शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित मासिक क्राइम मीटिंग के दौरान थाना प्रभारियों को वितरित किए गए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जशक्राफ्ट के माध्यम ...

तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए गुजरात के सूरत जिले से अनुभवी विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान फैंसी ट्रे, गुलदस्ते, माचिया, सजावटी उत्पाद, चटाई, आकर्षक टोकरियां, फर्नीचर, सोफा, पलंग सहित अनेक आधुनिक एवं उपयोगी बांस उत्पादों का निर्माण सिखाया जा रहा है।

डेंगू नियंत्रण और राहत शिविरों की पूर्व तैयारी पर विशेष फोकस

# बाढ़ प्रभावित 17 गांवों की होगी विशेष मॉनिटरिंग शहर के 48 वार्डों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सक्रिय मानसून के दौरान संभावित बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने, राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा मौसमी एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मयंक चतुर्वेदी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने आज एसपी कार्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में नगर निगम, नगर पालिका, राजस्व, स्वास्थ्य, जल संसाधन, विद्युत, पुलिस, नगर सेना सहित सभी संबंधित विभागों की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए व्यापक कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि मानसून के दौरान जन धन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग पूरी सतर्कता, आपसी समन्वय एवं त्वरित कार्रवाई की कार्ययोजना के साथ कार्य करें। किसी भी आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों में विलंब या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारियों का पूर्व निर्धारण कर मैदानी स्तर पर पूरी तैयारी सुनिश्चित करे। बैठक में नगर निगम, नगर पालिकाओं से लेकर बाढ़ प्रभावित गांवों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों तक की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने तथा संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। हीराकुंड बांध के जलभराव से प्रभावित चिन्हित 17 गांवों में विशेष मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। इन गांवों में जलस्तर की निरंतर निगरानी, समय पर सूचना प्रसारित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की पूरी कार्ययोजना तैयार रखने को कहा गया। रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में मानसून के दौरान त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए 48 वार्डों के लिए अलग अलग नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा निगम के चारों जोन के लिए विशेष प्रभारी बनाए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में आयुक्त नगर निगम ने भी नगर निगम की तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जल निकासी व्यवस्था, नालों की नियमित साफ सफाई, जलभराव वाले चिन्हित स्थलों पर त्वरित कार्रवाई, पंपों की उपलब्धता, आपातकालीन टीमों की तैनाती तथा राहत एवं बचाव से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। साथ ही निगम क्षेत्र के सभी 48 वार्डों में सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था भी बनाई जा रही है।





आपदा प्रबंधन की बैठक लेते कलेक्टर, एसपी और उपस्थित अधिकारी।

### स्वास्थ्य विभाग को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश

कलेक्टर ने मौसमी एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। विशेष रूप से रायगढ़ शहर के वार्ड क्रमांक 17, 19 एवं 20 में डेंगू की रोकथाम एवं जनजागरूकता के लिए विशेष अभियान संचालित करने को कहा गया। इन वार्डों में स्थानीय पार्षदों के माध्यम से व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जेनरिक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए सभी स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध रखने के सख्त निर्देश दिए। आकाशीय बिजली से होने वाली जनहानि रोकने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। विशेष रूप से जिले के पहाड़ी एवं दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### जलभराव वाले सड़कों को बनाया जाएगा सुगम

बैठक में कुनकुनी सड़क मार्ग के जलभराव वाले हिस्से को शीघ्र सुगम बनाने के निर्देश दिए गए। वहीं लैलूंगा विकासखंड के राजपुर पहुंच मार्ग की स्थिति पर भी विशेष चर्चा करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बरसात के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने तथा विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विद्युत विभाग को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

### कक्ष क्रमांक.42 में बाढ़ नियंत्रण कक्ष

आगामी मानसून के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने तथा राहत एवं बचाव कार्यों के बेहतर समन्वय के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के संचालन स्थल में परिवर्तन किया है। जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष जिला कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 42 से संचालित होगा। अब कक्ष क्रमांक 42 में स्थानांतरित किया गया है। यह व्यवस्था आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी।



## जशपुर में शिक्षा की नई पहल: सादरी भाषा में होगी बुनियादी शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में प्राथमिक शिक्षा को अधिक प्रभावी और समावेशी बनाने के उद्देश्य से बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के नेतृत्व में, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जशपुर के मार्गदर्शन में तथा लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुनकुरी और बगीचा विकासखंड के 202 प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा-1 एवं कक्षा-2 के बच्चों को उनकी मातृभाषा सादरी भाषा के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी। बहुभाषी शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों को घर की भाषा से विद्यालय की भाषा के बीच सेतु स्थापित करना है, ताकि वे अवधारणाओं को सहजता से समझ सकें और आत्मविश्वास के साथ सीखें। कार्यक्रम को प्रभावी बनाने हेतु स्थानीय शिक्षकों द्वारा विशेष रूप से सादरी भाषा में शिक्षण सामग्री तैयार की गई है। इन सामग्रियों में बच्चों की स्थानीय संस्कृति, परिवेश, लोककथाओं एवं जीवन अनुभवों को प्रमुखता से शामिल किया गया है। इसमें बिगबुक, चित्र चार्ट, कविता पोस्टर, अभ्यास पुस्तिकाएँ एवं कविता-कहानी संग्रह सम्मिलित हैं। इन सभी सामग्रियों की अंतिम अकादमिक समीक्षा क्प्म्ज् के अकादमिक सदस्यों द्वारा दिनांक 7 जुलाई 2026 को पूर्ण की जा चुकी है, जिससे शिक्षण प्रक्रिया उच्च गुणवत्ता युक्त हो सके।

**खास बात**

■ सांस्कृतिक समावेश के साथ शिक्षण सामग्री का विकास

जिला स्त्रोत समूह का प्रशिक्षण संपन्न- कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु चयनित 202 विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए 20 सदस्यों का जिला स्त्रोत समूह (क्त्ळ) गठित किया गया है। इस समूह के लिए क्प्म्ज्, जशपुर में 8 जुलाई 2026 से 11 जुलाई 2026 तक 4-दिवसीय प्रशिक्षण स ह - का य र् शा ला आयोजित की गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बहुभाषी शिक्षा के सिद्धांतों एवं सादरी भाषा में निर्मित सामग्री के कक्षा में प्रभावी उपयोग के तरीकों पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षण को रोचक एवं गतिविधि आधारित बनाने हेतु व्यावहारिक डेमो एवं समूह कार्य भी कराए गए।

### प्रशिक्षण का समापन

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस प्राचार्य एमजेडयू सिद्दिकी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ष्यह कार्यक्रम जशपुर के बच्चों के सीखने के अनुभव को पूरी तरह बदल देगा और उन्हें अपनी भाषा में सीखने का आत्मविश्वास प्रदान करेगा। उन्होंने सभी से विद्यालयों में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस पहल के माध्यम से जशपुर जिला प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में समावेशन एवं गुणवत्ता की नई मिसाल स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।

## विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों ने किया वृहद पौधरोपण




**जशपुरनगर।** वन महोत्सव के अवसर पर जशपुर वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र पत्थलगांव एवं वन परिक्षेत्र बगीचा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

वन परिक्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत शासकीय प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वन परिक्षेत्र बगीचा अंतर्गत बालक आश्रम बिमड़ा परिसर एवं वन परिक्षेत्र कांसाबेल अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र लमडांड तथा प्राथमिक स्कूल केन्दुटोला में आयोजित इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, स्कूली विद्यार्थियों, शिक्षकों, वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, वन सुरक्षा समितियों, स्व-सहायता समूहों तथा स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पौधारोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज में वृक्षों के महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा प्रत्येक नागरिक को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प दिलाना है। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल पौधों का रोपण किया गया।

वनमण्डलाधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत लगाए गए प्रत्येक पौधे के संरक्षण एवं नियमित देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे केवल पौधारोपण तक सीमित न रहें, बल्कि पौधों को वृक्ष बनने तक उनकी सुरक्षा एवं संवर्धन का दायित्व भी निभाएँ। यदि प्रत्येक नागरिक अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो यह अभियान हरित एवं समृद्ध भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण, अधिकाधिक वृक्षारोपण तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित पर्यावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया।

## कॉलेज पहुंच मार्ग बना दलदल, हो रही परेशानी

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में शिक्षा सत्र शुरू हुए एक माह से ज्यादा हो गया है लेकिन बोरोडिपा चौक से महाविद्यालय और जीएडी कॉलोनी तक का मुख्य पहुंच मार्ग बदहाली का शिकार है। पूरे रास्ते कीचड़ और गड्ढों के कारण परेशानियों के बीच छात्र-छात्राओं को कॉलेज जाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी लगभग 700 छात्रों जिनमें 60 प्रतिशत बालिकाएं हैं को हो रही है। कई बार कपड़े खराब होने के कारण छात्राएं वापस घर लौटने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार कॉलेज के पास ही उच्च श्रेणी लायब्रेरी का निर्माण चल रहा है। साथ ही इस सड़क का भी निर्माण कार्य जारी है। निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क पर मुरुम डालने के बाद हुई बारिश के कारण पूरा मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गया है।

## पीआरएसयू की मेरिट सूची में बिलाईगढ़ का परचम



**बिलाईगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में बिलाईगढ़ के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा बीएससी सत्र 2025 की जारी विश्वविद्यालय स्तरीय मेरिट सूची में शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय, बिलाईगढ़ के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने टॉप-10 में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। जारी मेरिट सूची के अनुसार गणित संकाय के मेधावी छात्र लेविश भान ने विश्वविद्यालय में छठवां स्थान प्राप्त किया है, वहीं बायो संकाय की छात्रा दीक्षा देवांगन ने दसवां स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में एक साथ दो विद्यार्थियों का स्थान बनाना महाविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इस सफलता से महाविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है। विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह परिणाम माना जा रहा है। महाविद्यालय लगातार शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहा है और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगा है।

## मजदूर ने लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** पुसौर स्थित प्लांट के लेबर क्वार्टर में एक 28 वर्षीय मजदूर ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान लखींद्रर मंडल 28 वर्ष पिता अजीत मंडल, निवासी बेदराबाद, थाना कालियाचक, जिला मालदा पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार लखींद्रर मंडल प्लांट में रोजी मजदूरी का कार्य करता था। वह पिछले करीब 2 महीने से प्लांट में काम कर रहा था। उसने अपने लेबर क्वार्टर में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली।

## नपं पुसौर में मनोनीत पार्षदों ने ली शपथ




**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में 3 मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। एसडीएम महेश शर्मा ने नव नियुक्त पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में त्रिनाथ गुप्ता, अभिमन्यु साहू और विकास होता शामिल हैं। शपथ के साथ ही अब नगर पंचायत की परिषद पूर्ण रूप से सक्रिय हो गई है। दिग्गजों की रही उपस्थिति कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति ने समारोह को और भव्य बना दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही, रायगढ़ नगर निगम के महापौर जीवर्धन चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विलीस गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष सनत नायक सहित जिला एवं मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। नगर अध्यक्ष और सीएमओ ने संभाली कमान पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पंचायत अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश साव सहित सभी पार्षदों ने अहम भूमिका निभाई।

